ATR

हिन्दी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग नियमित रूप से महत्वपूर्ण विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार/वेबिनार और कार्यशालाएं जो छात्रों के साथ-साथ संकाय के लिए एक समृद्ध और सीखने का अनुभव प्रदान करती हैं उसका आयोजन करता रहा है |

हिन्दी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा लगातार दो वर्षों (2020 और 2021) से भारतीय अनुवाद परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से 'अनुवाद व्यवहार और सिद्धांत पाठ्यक्रम' पर 15 दिनों का लघु अवधि का सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया |हिन्दी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की साहित्यिक संस्था 'मंथन' हिंदी साहित्यिक क्षेत्र और पत्रकारिता से संबंधित व्याख्यान, प्रतियोगिताएं और अन्य कार्यक्रम अक्सर आयोजित करती है। इसका उद्देश्य बौद्धिक अकादमिक बहस, समूह चर्चा, वार्ता, वेबिनार, समसामयिक मुद्दों पर सेमिनार और विभिन्न इंटर और इंट्रा कॉलेज प्रतियोगिताओं का आयोजन कराना है।

हिन्दी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की साहित्यिक संस्था प्रख्यात वक्ताओं और पत्रकारिता जगत के विशेषज्ञों के माध्यम से विभिन्न व्याख्यानों का आयोजन करती है जो देश विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और टी वी चैनल और समाचार -पत्रों से सम्बन्ध रखते हैं | इससे छात्रों को साहित्य व पत्रकारिता की विभिन्न अवधारणाओं और विचारधारा को समझ विकसित होती है तथा वर्तमान में हो रहे साहित्यिक घटनाओं के बारे में भी जानकारी मिलती है | इस वर्ष भी इस तरह के व्याख्यान छात्रोपयोगी रहे |

हिन्दी और हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विद्यार्थियों को विषय पर ज्ञानवर्धक एवं सूचनात्मक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त संसाधन एवं विभिन्न पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करता है।